सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 24 मार्च, 2021

प्रक्रियाधीन है योजना के चयन के उपरांत इसकी स्वीकृति एवं कार्यान्वयन पर विचार होगा ।

अध्यक्ष : ठीक है ।

तारांकित प्रश्न संख्या 2890-श्री शकील अहमद खॉ(क्षेत्र सं0-64 कदवा)

( अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या 2891-श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र सं0148 अलौली(अ0जा0)

( अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या-2892-श्री प्रेम शंकर प्रसाद(क्षेत्र सं0-99 बैकुण्ठपुर)

(अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या -2893-श्री कृष्णनंदन पासवान(क्षेत्र सं0 13 हरसिद्धि(अ0जा0)

श्री जयंत राज, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है । पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित बसावट निमुहिया को पी.एम.जी.एस.वाय. पथ से सम्पर्कता प्राप्त है पुल स्थल के दूसरी तरफ के बसावट हरदिया टोला, शंकर सरैया, बाबू टोला, गोविंदपुर, टिकैत, समेरा आदि को पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । पुल स्थल के अपस्ट्रीम पर 1 कि0मी0 और डाउनस्ट्रीम के एक किलो मीटर पर पुल निर्मित है । विभाग द्वारा सम्प्रति राज्य के सभी बसावटो को बारह मासी एकल पथ से सम्पर्कता दिया जाना है । प्रश्नाधीन पुल स्थल के दोनों तरफ के बसावटों को एकल सम्पर्कता प्रदत है अत: प्रश्नाधीन पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री का जो जवाब आया है, कौन पदाधिकारी जवाब भेजा है, हमको आश्चर्य हो रहा है ।

अध्यक्ष : पता चलेगा ।

श्री कृष्ण नंदन पासवान : हमारा जो क्वेश्चन है संग्रमापुर, केसरिया, कोटवा पी.डब्लू.डी. पथ है जो जिला समाहरणालय को जोड़ता है और जनहित में बेरुआघाट पुल बन जायेगा तो 11 कि.मी. की दूरी समाहरणालय आने के लिए कम हो जायेगी ऐसे माननीय मंत्री बसावट और अन्य चीजों का जिक्र करते हुए निरस्त करना चाहते हैं इसलिए आपसे निवेदन करता हूॅ महोदय कि जनहित में चूंकि चार प्रखंडो को जोड़ने वाला यह बेरुआघाट है इसलिए जन हित में कबतक पुल का निर्माण करना चाहेंगे माननीय मंत्री यह बतलावें ?